दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 25 जून 2024

www.nyaysakshi.com



# नए कानून त्वरित न्याय और निर्णय को देंगे बढ़ावा -राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह

❒ साइबर फ्रॉड एवं अन्य अपराधों में अंकुश लगाने नए कानूनों में है कड़े प्रावधान-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

❒ साक्ष्य के रूप में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के लिए किए गए हैं प्रावधान-एसपी दिव्यांग पटेल

❒ 1 जुलाई से लागू हो रहे नई संहिताओं पर जानकारी आयोजित हुई वृहत कार्यशाला

रायगढ़







आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू हो रही नवीन कानून संहिताओं के संबंध में आज नगर निगम ऑडिटोरियमए पंजरी प्लांटए रायगढ़ में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार नया कानून ला रही है, जिससे जनसामान्य को त्वरित न्याय मिलेगा, वहीं अपराधियों को भी जल्द सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून और इसकी धाराओं में किया गया बदलाव 01 जुलाई 2024 से लागू हो जाएगा। इसका उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, इसलिए नवीन कानून के बारे में हर सभी लोगों को जानकारी होना बहुत आवश्यक है। राज्यसभा सांसद सिंह ने कहा कि अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अब सारे रिकार्ड ऑनलाईन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे है। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी, जिससे न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि हमारा पहला कानून संविधान है। संविधान के अधीन बाकि कानून बनाये एवं अपनाये गये है। आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के माध्यम से समाज में सामाजिक सौहाद्रर एवं समरसता बनाए रखने के लिए बनाए गए है। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 01 जुलाई से कानून में हो रहे संशोधन की जानकारी देना है। हमें समझना होगा कि इन कानून से किसी भी तरह से हमारे निजी हितों में परिवर्तन या हनन नहीं हो रहा है, जो कानून प्रणाली में न्याय पाने की जिज्ञासा किसी समाज में होती है उसको और सरल बनाकर उसकी पहुंच बढ़ायी जा रही है। पुराने जमाने में आतंकवादी या साइबर फ्रॉड जैसे क्राईम नहीं होते थे। इन सब को परिभाषा में लाने के लिए जो आज हमारे लिए सामाजिक रूप से आवश्यक है, संशोधित नए कानून में शामिल किया गया है। इसी प्रकार बच्चों एवं महिलाओं के प्रति अपराध पर अंकुश लगाने एवं त्वरित न्याय देने हेतु जरूरी संशोधन किए गए है। कलेक्टर गोयल ने शिक्षकों को स्कूल, कॉलेजों में बच्चों को जानकारी के साथ ही उपस्थित जनसामान्य को जागरूक करने का आग्रह किया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023ए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के निहित प्रावधानों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नया कानून हम सभी के लिए अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु अत्यंत आवश्यक एवं लाभदायक सिद्ध होगी। इस नये प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है। नए कानूनों में अपराधियों के लिए गंभीर सजा तथा समाज को अपराध मुक्त करने हेतु कड़े प्रावधान सम्मिलित है। नवीन कानूनों के तहत किसी भी व्यक्ति को ऑनलाईन एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा भी प्रदान की गई है। यदि हम नए कानूनों के उद्देश्यों की बात करें तो इनका उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक अभियुक्त तथा पीड़ित केन्द्रित कानूनों हेतु कल्याणकारी अवधारणा, कानूनी प्रक्रियाओं की सरलता, संक्षिप्त ट्रायल की सरलता, अनुसंधान में नवीन फोरेंसिक टेक्नालॉजी का उपयोग, डिजिटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों संबंधी प्रावधानों के साथ समयबद्ध प्रक्रिया का पालन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयानुकूल परिवर्तन किए गए है।

अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि नए कानून में भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। इस दौरान उन्होंने भारतीय न्याय संहिता 2023 में शामिल नये कानूनों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में उप संचालक अभियोजन वेदप्रकाश पटेल ने पुराने कानून एवं आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, सीएसपी आकाश शुक्ला, डीएसपी सर्वश्री अभिनव उपाध्याय, अखिलेश कौशिक, सिद्धांत तिवारी एवं अखिलेश कौशिक, एएसपी सुरेशा चौबे, जिला अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ ठाकुर, अध्यक्ष बार एसोसियेशन रमेश शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, डॉक्टर एवं बड़ी संख्या जनसामान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोबिलाईजेशन कैम्प 27 जून को : जिला रोजगार कार्यालय में होगा आयोजन, विभिन्न पाठ्यक्रम में 160 सीट रिक्त

**रायगढ़।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)रायपुर द्वारा रायगढ़ जिले के जरूरतमंद आवेदकों को रोजगार स्थापित करने हेतु 6 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए 27 जून 2024 को प्रात: 10 बजे से मोबिलाईजेशन कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में किया गया है। जिसमें पाठ्यक्रम मशीन ऑपरेटर एंड प्रोग्रामर-सीएनसी लेथ, मशीन ऑपरेटर एंड प्रोग्रामर-सीएनसी मिलिंग, मशीन ऑपरेटर टूल रूम तथा मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग शामिल है। सभी पाठ्यक्रम के लिए 6-6 माह की अवधि एवं 40-40 सीट संख्या निर्धारित है। सभी पाठ्यक्रम के लिए आवेदकों को न्यूनतम 10 वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु रिक्त संविदा पद की अंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु संविदा पदों की नियुक्ति हेतु अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है। सूची का अवलोकन महिला एवं बाल विकास विभाग, रायगढ़ के सूचना पटल अथवा जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में कर सकते है।

### आंगनबाड़ी के 5 हजार से अधिक बच्चों का स्कूल में होगा दाखिला

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के 6 वर्ष पूर्ण करने वाले 5397 बालक-बालिकाओं को शाला में प्रवेश कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के 3 से 6 वर्ष के आंगनबाड़ी के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनौपचारिक शिक्षा दी जाती है तथा जिले के 805 आंगनबाड़ी केन्द्र के 5 से 6 वर्ष के बच्चों को पास के स्कूल शिक्षकों के माध्यम से बालवाड़ी में प्रवेश कराया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों की सूची तैयार की गई है तथा स्कूल खुलते ही बच्चों को पास के स्कूलों में दाखिल कराये जायेंगे।

### राशनकार्ड का नवीनीकरण शीघ्र कराएं नागरिक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत नागरिक वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण कर सकते हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

# नक्सलियों से मुठभेड़ भारी मात्रा में हथियार बरामद : एक नक्सली का शव भी बरामद

धमतरी-रायपुर | आरएनएस



जिला धमतरी में अमरेश मिश्रा,पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के दिशानिर्देश पर पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वाष्णेय के कुशल नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 23.06.24 को डीआरजी नगरी की टीम नक्सल विरोधी अभियान हेतु थाना खल्लारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुहकोट-आमझर के जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान सुरक्षा बलो द्वारा जंगल-झाडियों का सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि दिनांक 23.06.2024 को दोपहर 15:30 बजे ग्राम मुहकोट-आमझर के जंगल के पास नक्सलियों द्वारा घात लगाकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से हथियारों से फायरिंग किया गया। पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं डीआरजी. टीम द्वारा भी अपना परिचय बताते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही किया गया।

सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व अपने आप को घिरता हुआ देखकर नक्सली जंगल/पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। घटना स्थल की गहन सर्चिंग करने के पश्चात एक अज्ञात माओवादी का शव,01 नग एसएलआर, नक्सल साहित्य, एवं नक्सलियों दैनिक उपयोगी कपड़े आदि बरामद किया गया। नक्सलियों के बरामद सामग्री को लेकर सभी सुरक्षा पार्टी टैक्टिकल मुव्हमेंट करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस आ चुके है।

# छत्तीसगढ़ के 32 जिलों के लिए झमाझम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

❒ 26 जून से प्रदेश में बढ़ेगी वर्षा की गतिविधि, मौसम विभाग ने किया सतर्क

रायपुर | आरएनएस



छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच बारिश शनिवार को हुई बारिश ने लोगों को काफी राहत दी है। रविवार भी सुबह से ही मौसम सुहाना बना हुआ है। राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है। रायपुर में भी सुबह कई इलाकों में बारिश हुई। विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में मानसून ने दस्तक दे दी है। और इसी के साथ ही मानसून की बारिश का दौर भी शुरू हो गया है।

रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में आगामी 24 घंटे में अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। तत्पश्चात वर्षा की गतिविधियों में कर्मी होने की संभावना है। 26 जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बढ़ने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बारिश को देखते हुये लोगों को घर से निकलते समय सावधानी बरतने को कहा है।

वहीं मौसम विभाग ने आज आने वाले 24 घंटो के लिए छत्तीसगढ़ के 32 जिलों के लिए हैवी रैन का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज आंधी और तूफान के साथ इन जिलों में झमाझम बारिश हो सकती है। सिर्फ बलरामपुर के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है।

मौसम एजेंसी स्अकाई मेट वेदर के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट, दक्षिण गुजरात, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी गुजरात, पूर्वी राजस्थान, सिक्किम, रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय इलाकों, बिहार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु ओडिशा और पूर्वोत्तर भारत में दक्षिण मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा, कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है।

### रायगढ़ जिले में 77 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 जून तक 77 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 147 मिली मीटर, पुसौर में 151, खरसिया में 67.1, घरघोड़ा में 75.5, तमनार में 34.5, लैलूंगा में 70.8, मुकडेगा में 100, धरमजयगढ़ में 18.3, छाल में 84.2 एवं कापू में 22 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# छत्तीसगढ़ में नए मंत्री को लेकर विधायकों के नामों की अटकलें तेज

रायपुर | आरएनएस



छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल के विस्तार पर इन दिनों खूब चर्चाएं हो रही हैं। कल मुख्यमंत्री के राज्यपाल से मिलने राजभवन जाने के बाद अटकलें और तेज हो गई। जाहिर है, विष्णुदेव मंत्रिमंडल में दो मंत्रियों की जगह खाली है। और जल्द ही इन्हें भरा जाएगा।

छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2023 में बीजेपी की सरकार बनी थी और विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण किए थे। सरकार गठन के छह महीने के भीतर मंत्रिमंडल विस्तार की जरूरतें इसलिए महसूस की जाने लगी है कि पहले से एक पद खाली था ही, बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद अब दो मंत्रियों का स्थान रिक्त हो गया है। जाहिर है, छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेश, जहां 15 परसेंट कोटे के हिसाब से सिर्फ 12 मंत्री बन सकते हैं, उनमें से दो कम हो जाए तो समझा जा सकता है कि सरकार के कामकाज में दिक्कतें हो रही होंगी। तभी मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई है। सरकार में बैठे लोग भी मान रहे हैं कि बेहद जल्द दो मंत्रियों की नियुक्ति हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ में इस समय सबसे बड़ा सवाल है कि विष्णुदेव कैबिनेट में कौन दो नए मंत्री शामिल होंगे...पुराने और अनुभवी विधायकों को मिलेगा मौका या फिर पार्टी नए विधायकों पर दांव लगाएगी। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर लोकसभा से सांसद चुने जाने के बाद यह सवाल और गहरा गया है। क्योंकि, उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और संसदीय कार्य मुख्यमंत्री खुद संभाल रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय मंत्रिपरिषद में इस समय दो पद रिक्त हो गए हैं। 12 मंत्रियां के कोटा वाले राज्य में अगर दो मंत्री कम हो तो निश्चित तौर पर कामकाज प्रभावित होगा। मगर खबर है कि जल्द ही दो नए मंत्रियों को शपथ दिलाया जाएगा। जुलाई फस्ट वीक तक किसी भी सूरत में दो मंत्रियों की नियुक्ति हो जाएगी। मगर राजनीतिक पंडितों का भी मानना है कि छत्तीसगढ़ के जातीय समीकरण की दृष्टि से दो मंत्रियों का चयन इतना आसान नहीं होगा। खासकर, लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद।


गौरतलब हो कि अजीत जोगी सरकार में सामान्य वर्ग से पांच मंत्री रहे। उस समय विधानसभा अध्यक्ष भी इसी वर्ग से रहे। राजेंद्र शुक्ला को अजीत जोगी ने स्पीकर बनाया था। उनके अलावा रविंद्र चौबे, सत्यनारायण शर्मा, अमितेष शुक्ल, विधान मिश्रा और गीता देवी सिंह। उसके बाद रमन सिंह की सरकार 15 साल रही। उसमें भी तीन मंत्री इस वर्ग से रहे। मगर इस समय बृजमोहन के इस्तीफे के बाद सिर्फ एक मंत्री सामान्य वर्ग से बच गए हैं। जाहिर सी बात है कि सरकार सामान्य वर्ग से एक मंत्री तो लेगी ही। इनमें राजेश मूणत से लेकर अमर अग्रवाल, भावना बोहरा जैसे कोई भी एक नाम हो सकता है। अब देखना है, सरकार इनमें से किन दो विधायकों को शपथ ग्रहण के लिए राजभवन बुलाती है।

विष्णुदेव मंत्रिमंडल के दो पदों के लिए आधा दर्जन नामों की चर्चा बड़ी तेज है। इनमें रायपुर से राजेश मूणत, कुरुद के अजय चंद्राकर, बिलासपुर से अमर अग्रवाल, दुर्ग से गजेंद्र यादव और कोंडागांव से लता उसेंडी के नामों की चर्चाएं हो रही हैं। सियासी पंडितों का कहना है कि इन छह में किन्हीं दो पर बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व मुहर लगा सकता है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव पीडब्लूडी, पीएचई और नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की करेंगे समीक्षा

❒ विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे

रायगढ़



उप मुख्यमंत्री अरुण साव 25 जून को अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे शहर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। साव 25 जून को सवेरे साढ़े नौ बजे रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा रायगढ़ के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर एक बजे रायगढ़ पहुंचेंगे। वे दोपहर दो बजे रायगढ़ कलेक्टोरेट में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

उप मुख्यमंत्री साव दोपहर 03.10 बजे रायगढ़ में आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम साढ़े चार बजे रायगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। साव शाम साढ़े पांच बजे रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रात नौ बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे।

# छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनें 6 जुलाई तक रहेगी रद्द

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों की एक बार फिर परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि रेलवे ने अलग-अलग रुट की 40 ट्रेनों को 24 जून से 6 जुलाई तक कैंसिल कर दिया है। रेलवे ट्रैक पर काम चलने का हवाला देकर रेलवे ने करीब 13 दिनों तक रोज औसतन 10 ट्रेनें रद्द करने की घोषणा पहले ही कर दी थी। इस वजह से केवल रायपुर स्टेशन से अलग-अलग ट्रेनों में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को टिकट कैंसिल करानी पड़ी है।

जानकारी के अनुसार रेलवे ने करीब एक हफ्ते पहले अचानक ट्रेनों की सूची जारी कर रद्द करने की घोषणा की थी। टिकट बुक करवाने वालों के मोबाइल पर मैसेज भेजा गया कि बिलासपुर, भोपाल और सिकंदराबाद मंडल में नई रेलवे लाइन को जोड़ने का काम किया जाएगा। इस कारण ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। रेलवे की ओर से जो शेड्यूल जारी किया गया है।

इसके अनुसार 6 जुलाई के बाद यानी 7 से कैंसिल ट्रेनें अपने निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार चलेंगी। रेलवे के सिस्टम के अनुसार ऑनलाइन सीट बुक करवाने वालों के टिकट स्वत: कैंसिल हो जाते हैं। उनके पैसे खाते में ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन जिन्होंने टिकट काउंटर से खरीदा है, उन्हें फिर काउंटर पर आना पड़ता है। उसके बाद ही उनके टिकट कैंसिल होते हैं।

**ये ट्रेनें रहेंगी रद्द :** उयदपुर-शालीमार एक्सप्रेस 29 जून एवं 6 जुलाई, शालीमार- उदयपुर एक्सप्रेस 30 जून एवं 7 जुलाई, बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस 16, 23, 30 जून एवं 7 जुलाई, पुरी- बीकानेर एक्सप्रेस 19, 26 जून एवं 3, 10 जुलाई, शालीमार- भुज एक्सप्रेस 29 जून एवं 6 जुलाई, भुज-शालीमार 1एक्सप्रेस 2 एवं 9 जुलाई, विशाखापटनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस 27 जून एवं 4 जुलाई, भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस 29 जून एवं 6 जुलाई, विशाखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस 5, 6 एवं 9 जुलाई, अमृतसर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 6, 7 एवं 10 जुलाई, पुरी-निज़ामुद्दीन स्पेशल 28 जून, निज़ामुद्दीन-पुरी स्पेशल ट्रेन 29 जून, बिलासपुर -भोपाल एक्सप्रेस 9 जुलाई तक रद्द रहेगी।

इसके साथ ही भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 16 जून से 11 जुलाई, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस 1 एवं 8 जुलाई, अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस 2 एवं 9 जुलाई, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस 30 जून एवं 7 जुलाई, अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस 1 एवं 8 जुलाई, दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) एक्सप्रेस 9 जुलाई, शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग एक्सप्रेस 11 जुलाई, दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) एक्सप्रेस 3 जुलाई, शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग एक्सप्रेस 5 जुलाई, दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 5 एवं 9 जुलाई तक कैंसिल रहेगी।

इसके अलावा निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस 6 एवं 10 जुलाई, निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस 9 जुलाई, अम्बिकापुर- निजामुद्दीन एक्सप्रेस 11 जुलाई, रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस 3 एवं 10 जुलाई, संतरागाछी रानी कमलापति-एक्सप्रेस 4 एवं 11 जुलाई, टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 24 से 29 जून, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर-नेता सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस, सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -टाटानगर एक्सप्रेस 25 से 30 जून, संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस 26 जून, जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस 27 जून, सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 25 एवं 29 जून, दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 28 जून एवं 2 जुलाई, संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस 29 जून, पुणे-संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस 1 जुलाई, भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस 24 एवं 27 जून, कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 26 एवं 29 जून, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस 28 जून, पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस 30 जून, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस 25 से 30 जून, पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस 27 जून से 2 जुलाई, कुर्ला-हावड़ा सुपर डीलक्स एक्सप्रेस 27 एवं 29 जून, हावड़ा-कुर्ला सुपर डीलक्स एक्सप्रेस 27 जून एवं 1 जुलाई तक रेलवे ने रद्द कर दिया है।

**बिहार-केरल की कई ट्रेनें भी रहेंगी रद्द**

वहीं, बिलासपुर-तिरुनेलवेली जं. एक्सप्रेस 25 जून और 2 जुलाई, तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस 23 और 30 जून, बिलासपुर-एर्णाकुलम जं एक्सप्रेस 24 जून एवं 1 जुलाई, बिलासपुर-एर्णाकुलम एक्सप्रेस 24 जून और 1 जुलाई, एर्णाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस 26 जून और 3 जुलाई, कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस 26, 29 जून और 3, 6 जुलाई, कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस 24, 27 जून एवं 1, 4 जुलाई, सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 24 जून, रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 27 जून, सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 26 जून, रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 28 जून, हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल 29 जून, रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 25 जून एवं 2 जुलाई, पटना-सिकंदराबाद स्पेशल 24, 26 जून एवं 1, 3 जुलाई, हैदराबाद-पटना स्पेशल 26 जून एवं 3 जुलाई, सिकंदराबाद-पटना स्पेशल 28 जून एवं 5 जुलाई को रद्द रहेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480